आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा.स्कू.ऑनलाईन/2023–24/ 7441 दिनांक– 03.10.2023

स्कूटी/छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल पुनः खोलने बाबत

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजनान्तर्गत द्वितीय राउंड हेतु तथा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड.) संबल योजना एवं बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना में छात्रवृत्ति पोर्टल पर आमंत्रण हेतु दिनांक–04.10.2023 से पोर्टल पुनः खोला जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

क्र. स.	छात्रवृत्ति/स्कूटी का नाम	वर्ष	पोर्टल पुनः प्रारम्भ की तिथि	पोर्टल बन्द की अंतिम तिथि
1.	देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरणएवं प्रोत्साहन राशि योजना (द्वितीय राउंड हेतु)	2023–24	04.10.2023	31.10.2023
2.	**कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना (द्वितीय राउंड हेतु):–** 1. सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (माध्यमिक शिक्षा विभाग) 2. अल्प संख्यक वर्ग की 12वीं उतीर्ण छात्राओं हेतु (अल्प संख्यक मामलात विभाग) 3. अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग की 12वीं उतीर्ण छात्राओं हेतु (उच्च शिक्षा विभाग) 4. अनुसूचित जनजाति (ST) की 10वीं उतीर्ण छात्राओं हेतु (उच्च शिक्षा विभाग) 5. विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय की 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)	2023–24	04.10.2023	31.10.2023
3.	बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना	2023–24	04.10.2023	31.12.2023
4	मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना	2023–24	04.10.2023	31.12.2023
5	विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबल योजना	2023–24	04.10.2023	31.12.2023

योजना से संबंधित नियम, दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/के Home Page पर Online Scholarship पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबधित छात्रा/अभिभावक योजनाओं से संबधित दिशा–निर्देश, परिपत्र क्रमांक–955 दिनांक–30.12.2021, नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की भली भाँति अध्ययन कर ही आवेदन करें। आवेदन करने हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है एवं उसमें भरी हुई सूचनाएँ यथा जाति, मूल–निवास, बैंक डिटेल आदि अपडेट होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा एसएसओ आईडी से login कर Citizen App-G2C के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर क्लिक कर किया जा सकता है।

जिन विद्यार्थियों को उनके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। वे अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रजिस्ट्रार/प्राचार्य से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन की कार्यवाही करावें।

जिन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन नहीं किया है, वे शीघ्र उक्त कार्यवाही करें। इसके अभाव में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की होगी।

3/10/2023

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर